न्यायालय - जिला एवं सत्र न्यायाधीश
पीठासीन - श्री श्रीकान्त पाण्डेय
मामला संख्या : फौजदारी अपील **/ 38 / 2025** सीएनआर संख्या : **UKAL010003672025**
जगदीश चन्द्र बनाम राजेश कुमार
श्री मनोज सिह बृजवाल अधिवक्ता **/** श्री गजेन्द्र सिंह मेहता अधिवक्ता

| आज की तारीख | रोज़नामा |
|---|---|
| 17-07-2026 | पत्रावली पेश हुई। पुकार पर अपीलार्थी जरिये अधिवक्ता श्री मनोज सिंह बृजवाल उपस्थित आया। प्रत्यर्थी सं0-1 जरिये अधिवक्ता श्री गजेन्द्र सिंह मेहता उपस्थित आया। प्रत्यर्थी सं0-2 राज्य सरकार की ओर से श्री कुंवर सिंह बिष्ट सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उपस्थित आये। अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी सं0-1 द्वारा प्रार्थनापत्र-23ख प्रस्तुत कर कथन किया गया कि मामले में पक्षकारों के मध्य राजीनामा की वार्ता चल रही है तथा मामले का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण होना सम्भव है, अतः निवेदन है कि मामले को मध्यस्थता केन्द्र को सुलह वार्ता हेतु सन्दर्भित कर दिया जाये। सुना। चूँकि इस मामले को मध्यस्थता के माध्यम से समाधान हेतु आवश्यक तत्व विद्यमान दिखाई देते हैं और चूंकि पक्षकारगण मामले को मध्यस्थता केन्द्र को सन्दर्भित किये जाने पर सहमत हैं, अतः प्रस्तुत मामला समाधान हेतु मध्यस्थता केन्द्र को सन्दर्भित किया जाता है। पक्षकारगण व उनके विद्वान अधिवक्तागण दिनांक 03-08-2026 को मध्यस्थता केन्द्र के समक्ष उपस्थित हों। पत्रावली वास्ते मध्यस्थता आख्या दिनांक 10-08-2026 को पेश हो।<br><br>मामला सुनवाई के लिए स्थगित<br>अगली तिथि : 10-08-2026<br><br>जिला एवं सत्र न्यायाधीश |